तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अशोक परिहार बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर) **सू.अ.अ. अपील संख्या 21 / 2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.02.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अशोक परिहार, पता बासनी तम्बोलिया, माता का थान, मगरा पूंजला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 14.11.2019 में उसके द्वारा (1) श्री बीरबल विश्नोई ने मगरा पूंजला पटवार पर कब कार्यग्रहण किया व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार जोधपुर) से पत्रांक 55 दिनांक 21.01.2020 प्राप्त हुआ जिसमे प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना पूर्व में तहसील कार्यालय के पत्रांक 758 दिनांक 10.12.19 के द्वारा भिजवाई गई थी तथा अपील दायर होने के पश्चात् भी सूचना की प्रति पुनः भिजवाई जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	